जयपुर। राज्यपाल प्रतिभा पाटील का कहना है कि संस्कारवान समाज के निर्माण के लिए शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करना बहुत जरूरी है। पाटील गत रविवार को राजभवन में राजस्थान नेशनल फोरम की ओर से 'सभी को शिक्षा' कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी। पाटील ने कहा कि प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति को किसी निरक्षर को पढ़ाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए ताकि राज्य में शिक्षा का प्रसार तेजी से हो सके। उन्होंने इस क्षेत्र में स्वयंसेवी संस्थाओं से आगे आने का आह्वान किया। समारोह में शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी ने राज्य सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एच.एम. बांगड़, चर्चित लेखिका तस्लीमा नसरीन, संयुक्त राष्ट्र सूचना केन्द्र की निदेशक शालिनी दीवान, शिक्षाविद् डॉ. कपिला वात्स्यायन व फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इससे पहले होटल राजपूताना शेरेटन में हुई प्रेस वार्ता में फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने घोषणा की कि फोरम को शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए श्री सीमेंट लिमिटेड की ओर से 15 लाख रुपए भी प्रदान किए गए। श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक एच.एम. बांगड़ ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत कक्षा एक से कक्षा आठ तक के निर्धन बच्चों को पढ़ने-लिखने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। सहायता आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मिलेगी इसके लिए प्राप्तांकों को आधार नहीं बनाया गया है।

Press Clipping

Publication : Jan Nayak
Date : July 20,2006
Edition : Kota
Page : 8

सभी को शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत 22 से

♦ राजस्थान नेशनल फोरम का प्रयास
♦ प्राथमिक स्तर के बच्चों को छात्रवृत्ति

-कार्यालय संवाददाता-

कोटा, 19 जुलाई। राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल 23 जुलाई को सायं राजभवन में सभी को शिक्षा कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत करेंगी।

राजस्थान नेशनल फोरम की ओर से प्रदेश में यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। फोरम के अध्यक्ष संदीप भूताड़िया व महासचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत कक्षा एक से पांच तक के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह छात्रवृत्ति आर्थिक आधार पर होगी।

उन्होंने बताया कि फोरम के तत्वावधान में कोलकाता का प्रभा खेतान फाउन्डेशन, राजस्थान में इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहा है। राजभवन में 23 जुलाई की शाम चार बजे राज्यपाल कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत करेंगी। इस अवसर पर प्रमुख शिक्षाविद डॉ. कविता वात्सायन, मशहूर लेखिका तसलीमा नसरीन एवं श्री सीमेन्ट के प्रबंध निदेशक हरिमोहन बांगड भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष सन्दीप भूतोडिया के अनुसार प्रभा खेतान फाउन्डेशन कलकत्ता पिछले पांच सालों से देशभर में महिला प्रशिक्षण एवं साक्षरता केन्द्रों सहित कई कार्यक्रमों को संचालित कर रही है।

फोरम के महासचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम को फोरम 34 जिला केन्द्रों के साथ-साथ सभी ग्रामीण इलाकों को भी जोड़ेगी।

इसके लिए एक समिति स्थानीय स्तर पर गठित की जाएगी। छात्रवृत्ति की राशि विद्यार्थी की एक वर्ष की फीस के बराबर होगी।

Press Clipping

Publication : Rajasthan Plus (TOI)
Date : Friday, July 14, 2006
Edition : Jaipur
Page : 1

From left to right: Sundeep Bhutoria, Taslima Nasreen, Pratibha Patil, Ghanshyam Tiwari and HM Bangur

Educate one and all

Despite notable efforts from different countries worldwide to ensure the right to education for all, the problem still persists. Even today more than 100 million children and countless adults fail to complete their basic education. Reasons for this are plenty...economic stagnation, rapid population growth, widening economic disparities, crimes, politics, civil strife and so on. Providing literacy or education for all is one such cause. Pratibha Khaitan Foundation is a renowned NGO, which is dedicated to social, cultural and educational advancement of the society. Its project-'Education for All' which was launched five years back in Kolkata provides help to the needy students for basic education through scholarships.

"More than 12000 students were benefited under this project. We are planning to launch the same project in Rajasthan too, in collaboration with Rajasthan National forum " said convener of the project, Sundeep Bhutoria who is also the president of RNF. The launching ceremony will be held at Raj Bhawan on July 23. Apart from the Governor, Government of Rajasthan, Pratibha Patil who will preside over the ceremony, eminent educationalist, Dr. Kapila Vatsyayan, industrialist HM Bangur, Ghanshyam Tiwari, education minister of Government of Rajasthan and renowned author Taslima Nasreen will also be present for the occasion, informed Pradeep Chaturvedy, secretary of the forum. "I am definitely looking forward to my trip to Jaipur. I feel that more projects like this will help to ensure a secure future for the underprivileged ones," opines Taslima. "Our main aim is to educate one and all. And for this noble cause a Rajasthan based cement company Shree Cement has donated us Rs15 lakhs," added Bhutoria.

The managing director of the Shree Cements HM Bangur said that he feels extremely proud in associating his company's name with such a noble cause and said that every corporate should share same sort of social responsibility.

Press Clipping

Publication : Desh ki Dharti
Date : July 14, 2006
Edition : Kota
Page : 8

G

सभी को शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत 23 जुलाई को

जयपुर 13 जुलाई। राज्यपाल महामहिम प्रतिभा पाटिल 23 जुलाई को राजस्थान में सभी को शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत करेंगी। राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा राजस्थान में यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षा कक्षा एक से पांच तक के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। यह छात्रवृत्ति अंकों के आधार पर नहीं बल्कि छात्रों के आर्थिक स्तर को ध्यान में रखकर दी जायेगी। फोरम के तत्वावधान में कोलकाता का प्रभा खेतान फाउन्डेशन राजस्थान में इस कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहा है। 23 जुलाई को शाम 4 बजे राजस्थान की राज्यपाल राजभवन में इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत करेंगी। इस अवसर पर प्रमुख शिक्षाविद डॉ.कपिला वात्सायन, मशहूर बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन और राजस्थान के प्रमुख श्री सीमेन्ट उत्पादक कंपनी सीमेन्ट लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक हरिमोहन बांगर भी उपस्थित रहेंगे।

Press Clipping

Publication : Dainik Bhaskar
Date : July 14, 2006
Edition : Kota
Page : 7

23 को राज्यपाल करेगी 'सभी को शिक्षा कार्यक्रम' की शुरुआत

भास्कर न्यूज ◆ कोटा, 13 जुलाई। राज्यपाल प्रतिभा पाटिल 23 जुलाई को राजस्थान में 'सभी को शिक्षा' कार्यक्रम की शुरुआत करेगी। राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा एक से पांच तक के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक व फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने बताया कि फोरम के तत्वावधान में कोलकाता का प्रभा खेतान फाउंडेशन राजस्थान में इसकी शुरुआत करेगा।

Press Clipping

Publication : Evening Plus

Date : Thursday, July 13, 2006

Edition : Jaipur

Page : 4

'सभी को शिक्षा' कार्यक्रम 23 से

जयपुर, 13 जुलाई (कॉर्पोरेट संवाददाता)

राज्यपाल प्रतिभा पाटील 23 जुलाई को राजस्थान में 'सभी को शिक्षा', कार्यक्रम की शुरुआत करेंगी। राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा राजस्थान में यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा कक्षा एक से पांच तक के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह छात्रवृत्ति अंकों के आधार पर नहीं बल्कि छात्रों के आर्थिक स्तर को ध्यान में रखकर दी जाएगी।

राजस्थान नेशनल फोरम के महासचिव प्रदीप चतुर्वेदी के अनुसार फोरम के तत्वावधान में कोलकाता का प्रभा खेतान फाउंडेशन राजस्थान में इस कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रहा है। 23 जुलाई को शाम 4 बजे राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटील राजभवन में इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत करेंगी। इस अवसर पर प्रमुख शिक्षाविद् डॉ. कपिला वात्सायन, मशहूर बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन और राजस्थान की प्रमुख सीमेंट उत्पादक कंपनी श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हरि मोहन बांगड़ भी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक एवं फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया के अनुसार प्रभा खेतान फाउंडेशन, कोलकाता पिछले पांच सालों से देशभर में महिला प्रशिक्षण केन्द्र, बाल साक्षरता कार्यक्रम, जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कपड़ा और खाना, विभिन्न विषयों पर व्याख्यान जैसे कार्यक्रम संचालित कर रहा है। फाउंडेशन अब तक लगभग बारह हजार छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर चुका है। फोरम के महासचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान में इस कार्यक्रम के लिए श्री सीमेंट लिमिटेड ने 15 लाख रुपए प्रदान किए हैं।

SUMAN SARKAR/HT

Writer Taslima Nasreen at the launch of the Education for All programme in the city on Sunday

Calm and fiery that's Taslima for you

HT Live Correspondent

She is one writer from the Indian sub-continent who has been surrounded by controversies more than anybody else. Fiery issues of religious fanaticism, sexual and physical violence and gender equality issues have always been close to her pen, calling the wrath of fundamentalist forces and resulting in exile from her own country, Bangladesh. Yet, Taslima Nasreen is unwavering in her pursuit of the causes she has always talked about.

In Jaipur to attend the launch of the 'Education for all' scholarship programme, Taslima had yet another con-

WRITER'S NOTE

troversy waiting for her with reports by a local daily that she was asked not to attend the official ceremony at Governor House. Though she denied she knew anything of it and the organisers said it was only libel.

Since she has written a lot about the injustice meted out to women, questions about any changes in the state of affairs under the leadership of a woman in her country were obvious. However, she said that being a woman, a leader need not necessarily take steps to improve the condition of women.

"You need ideological commitment to initiate any changes," she said, admitting that the condition of women in India was far better than in Bangladesh or Pakistan, "but some gender inequality issues do exist."

So, is it writers like her who can change the scene for the better? "The situation in either case hasn't changed much. We still have to fight religious fundamentalism and try to create a more tolerant and peaceful world," said Taslima. "As a writer, I have been doing my bit by writing about it. The very fact that the fundamentalists are trying to stop me by throwing me out of the country and banning my books proves that it is leaving impact in some way. Even they know it, and are afraid women may wake up and revolt," Taslima said talking about her controversial book Lajja. Taslima informed she was now working on the fifth part of her autobiography; four parts of which have already been published.

You can be sure about one thing; she sure doesn't lash out words verbally as much as she does through the pen. Calm and very much in control despite the flurry of questions from the media, she appeared a different person altogether from what one would have imagined.

Monday, July 24, 2006
HT Jaipur Live

धार्मिक कट्टरता के खिलाफ आगे आएं : तसलीमा

जयपुर, 23 जुलाई (कासं)। बांगलादेश की जानी मानी लेखिका तसलीमा नसरीन ने विश्व में बढ़ती धार्मिक कट्टरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए सभी देशों को आगे आना चाहिए। आज होटल राजपूताना शेरेटन में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि जिस तरह से विश्व में धार्मिक कट्टरता बढ रही है। जो कि पूरे विश्व के देशों के लि खतरा है उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं की पाकिस्तान एवं बांगलादेश की तुलना में बेहतर स्थिति है। उन्होंने कहा कि उन्हें विवादों की चिंता नहीं है। वह जो भी सोचती है उसे ही लिखती है। चाहे किसी को बुरा लगे। बांगलादेश में महिलाओं की स्थिति पर लिखी उनकी पुस्तक एवं उसके प्रभाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में तसलीमा नसरीन ने कहा कि बांगलोदश में परिवर्तन थोड़ा धीमा है। लेकिन यह कह सकती है कि उनकी भावनाओं की लोगों ने कद्र की है। राजस्थान नेशनल कोरम के अध्यक्ष संजीव भूतडिया ने कहा कि तसलीमा नसरीन के राज भवन में आयोजित समारोह में भाग लेने को लेकर कोई विवाद नहीं है उन्होंने कहा कि तसलीम राजस्थान घूमने के मकसद से आई थी लेकिन राजस्थानी प्रवासियों की ओर से शुरू किए गए शिक्षा संबंधी अभियान एजूकेशन फार आल के कार्यक्रम को निमंत्रण पर वह आई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध संस्कृतिविद कपिला वात्स्यान एवं संयुक्त राष्ट्र सूचना केन्द्र की निदेशक शालिनी दीवान भी आई है।

समाचार जगत, जयपुर, 24 जुलाई, 2006 (2)

नहीं बदले हालात

जयपुर, 23 जुलाई (मे.सं.)। बांग्लादेश की चर्चित लेखिका तस्लीमा नसरीन का मानना है कि शीर्ष पदों पर महिलाओं के बैठने मात्र से हालात नहीं बदलते। राजस्थान नेशनल फोरम संस्था की ओर से सभी को शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत करने जयपुर आई नसरीन ने राजस्थान पत्रिका से बातचीत में यह कहा। प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश-

- **बांग्लादेश में प्रधानमंत्री महिला व विपक्षी नेता महिला है। क्या इससे देश में महिलाओं की स्थितियों में सुधार हुआ है?**
  शीर्ष पदों पर महिलाओं के बैठ जाने मात्र से महिलाओं की स्थिति पर कुछ विशेष फर्क नहीं पड़ता है। इसके लिए जमीनी स्तर से बदलाव करने पड़ते हैं।
- **आप इन दिनों क्या लिख रही हैं?**
  मैं अपनी जीवनी लिख रही हूं। इसके तीन हिस्सों को बांग्लादेश में प्रतिबंधित कर दिया गया है और एक हिस्से को पश्चिम बंगाल में भी प्रतिबंधित किया गया है।
- **इस अभियान से आप कैसे जुड़ी हैं ?**
  शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। इसके प्रचार-प्रसार से शोषण मुक्त जगत का निर्माण किया जा सकता है।
- **भारत व बांग्लादेश में महिलाओं की स्थिति?**
  बांग्लादेश और पाकिस्तान में महिलाओं की स्थिति भारत की तुलना में ज्यादा खराब है।

तस्लीमा को लेकर कोई विवाद नहीं

जयपुर, 23 जुलाई (का.सं.)। राजभवन तथा राजस्थान नेशनल फोरम ने प्रख्यात बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन को रविवार को राजभवन में आयोजित समरोह में रोकने से साफ इनकार किया है। तय कार्यक्रम के हिसाब से नसरीन समारोह में शरीक भी हुईं और खुद उन्होंने कोई विवाद नहीं बताया। कार्यक्रम के आयोजक राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने पत्रकारों से कहा कि तस्लीमा को कार्यक्रम में शामिल होने या नहीं होने के बारे में राजभवन से कोई निर्देश नहीं मिले। प्रेस वार्ता में मौजूद तस्लीमा ने भी कहा कि उन्हें राजभवन या आयोजक फोरम की ओर से ऐसे कोई निर्देश नहीं मिले जिसमें राजभवन जाने पर रोक का जिक्र हो। गौरतलब है कि एक समाचार पत्र (पत्रिका नहीं) में इस आशय का समाचार प्रकाशित हुआ था कि राजभवन ने आयोजकों को तस्लीमा को कार्यक्रम में नहीं बुलाने को कहा गया।

'राजभवन ने तस्लीमा को समारोह में आने के लिए कभी मना नहीं किया। ना ही मीडिया के प्रवेश पर पाबंदी लगाई। कार्यक्रम राजभवन की ओर से नहीं था। यह समारोह के आयोजकों को तय करना था कि किन्हें बुलाना है, किन्हें नहीं।'

प्रवक्ता, राजभवन

राजस्थान पत्रिका जयपुर » सोमवार » 24 जुलाई 2006

मुझे विवादों की चिंता नहीं-तस्लीमा

जयपुर, 23 जुलाई (कासं)। बांग्लादेश मूल की प्रख्यात लेखिका तस्लीमा नसरीन का कहना है कि मुझे विवादों की चिंता नहीं है। मैं जो सोचती हूं, वही लिखती हूं, वह चाहे किसी को अच्छा लगे या बुरा, मुझे इसकी परवाह नहीं।

तस्लीमा नसरीन रविवार को राजस्थान नेशनल फोरम की ओर से आयोजित 'एजुकेशन फॉर ऑल प्रोग्राम' में शिरकत करने आई थी। उन्होंने कहा कि मैं धार्मिक कट्टरवाद के सख्त खिलाफ हूं, लेकिन आज विश्व में कट्टरवाद हावी होता जा रहा है। इसे खत्म करने के लिए लोगों को एकजुट होना होगा। भारतीय महिलाओं की स्थिति के बारे में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश की तुलना में भारतीय महिलाओं की स्थिति काफी सुखद हैं। आज यहां की महिलाएं हर फील्ड में आगे जा रही हैं। तस्लीमा नसरीन से उनकी पुस्तकों के बांग्लादेश में पड़ रहे प्रभावों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरी पुस्तकों का प्रभाव तो है, लेकिन प्रभाव की चाल काफी धीमी है।

राजभवन गई तस्लीमा

सभी विवादों को दरकिनार करते हुए तस्लीमा नसरीन रविवार को राजभवन गई। जब उनसे राजभवन में उनके जाने को लेकर उठे विवाद के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि मुझे विवाद के बारे में कुछ पता नहीं है। उधर राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने कहा कि राजभवन की ओर से ऐसा कोई आदेश नहीं आया था कि तस्लीमा नसरीन को राजभवन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

जयपुर, 24 जुलाई, 2006

महका भारत

'सबके लिए शिक्षा' कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को सम्बोधित करती राज्यपाल प्रतिभा पाटिल व बालिका को सम्मानित करती लेखिका तस्लीमा नसरीन।

शिक्षा में भागीदारी का आह्वान

सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ

जयपुर, 23 जुलाई (कासं)। राज्यपाल प्रतिभा पाटिल ने लोगों को आह्वान किया है कि वे शिक्षा के प्रसार के लिए सक्रिय भागीदारी निभाएं।

राजभवन सोमवार को राजभवन में प्रभा खेतान फाउंडेशन एवं राजस्थान नेशनल फोरम के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'सबके लिए शिक्षा' कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रसार को मजबूती देने के लिए 'इच वन एजूकेट वन' का नारा बुलंद होना चाहिए। पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार स्कूलों में मुफ्त शिक्षा प्रदान कर रही है। इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाएं भी जुड़कर इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाने में सहभागी बन सकती हैं।

शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में किताबें निःशुल्क उपलब्ध कराने के साथ ही आदिवासी क्षेत्रों की बालिकाओं को साइकिलें भी उपलब्ध कराई गई हैं। बच्चों के हैल्थ कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। शिक्षाविद् डॉ. कपिला वात्सायन, बांग्लादेश की चर्चित लेखिका तस्लीमा नसरीन, संयुक्त राष्ट्र सूचना केन्द्र की निदेशक शालिनी दीवान तथा श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक एच.एम. बांगड़ ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने फाउंडेशन की छात्रवृत्ति के लिए सवाईमाधोपुर के छात्र विकास त्यागी, जयपुर के हर्षित चौहान तथा अजमेर के मनीष कुमार को चयनित पत्र प्रदान किया। बाद में एक अन्य समारोह में तसलीमा नसरीन ने इस अभियान की शुरुआत तीन चयनित बच्चों को पाठ्य पुस्तकें प्रदान कर की।

उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति का मूल अधिकार है और औरतों पर कोई अत्याचार नहीं हो, कोई बच्चा निरक्षर न हो, पूरे विश्व से आतंकवाद मिटे यही मेरा सपना है। फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने कहा कि कोलकाता की प्रभा खेतान फाउंडेशन के तत्वावधान में यह कार्यक्रम शुरु किया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के जरुरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति का आधार अंक की बजाय उस छात्र की आर्थिक स्थिति होगी। श्री सीमेंट ने इस कार्यक्रम के लिए 15 लाख रुपए प्रदान किए हैं।

महका भारत

जयपुर, 24 जुलाई 2006

कट्टरता की बजाय इन्सानियत का पैगाम जरूरी

नगर प्रतिनिधि

जयपुर, 23 जुलाई। बन्द होठों का था सबब कोई, वक्त आएगा तो हम भी बोलेंगे कुछ इसी तर्ज पर विवादास्पद लेकिन प्रख्यात बांग्ला लेखिका तस्लीमा नसरीन का जयपुर का दौरा रहा। सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम में भाग लेने अपनी पहली राजस्थान यात्रा पर आई तस्लीमा नसरीन से किसी सनसनी की आस लेकर पहुंचे पत्रकारों को उस समय भारी निराशा हुई जब वो पत्रकार वार्ता में पूरे समय नपे-तुले लिखे हुए मजमून के सिवाय खामोशी की चादर ओढ़े रही। हालांकि जयपुर में उनके पहुंचने से पहले ही उनके राजभवन में जाने या ना जाने को लेकर काफी चर्चा थी। तस्लीमा ने बताया कि वे राजभवन कार्यक्रम में शामिल होने जा रही है तथा उन्हें आयोजकों ने बुलाया है इसके सिवाय उन्हें किसी भी विवाद का पता नहीं है। तस्लीमा ने बताया कि भारत में महिलाओं की स्थिति पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की महिलाओं से काफी अच्छी हैं। बांग्लादेश में महिला शासक होने पर भी वहां पर महिलाओं की स्थिति बदतर हैं। आज धार्मिक कट्टरता की बजाय इन्सानियत एवं भाईचारे की जरूरत हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी तक पांच बायोग्राफी लिखी है

विवादास्पद लेखिका तस्लीमा का जयपुर दौरा

जिसमें से चार तो बांग्लादेश में प्रतिबंधित है तथा एक पर पश्चिमी बंगाल में प्रतिबंध है। अपनी विवादास्पद पुस्तक लज्जा के बारे में उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी पुस्तक में शामिल विषयों पर कोई गुरेज नहीं हैं। वे इस बात से कतई भयभीत नहीं हैं कि कौन उन्हें प्यार करता है तथा कौन उन्हें जान से मार सकता है। उनकी पुस्तक पढ़ने से बांग्लादेश के लोगों की सामाजिक सोच में काफी परिवर्तन आया है। उनके देश में आइडियोलोजिकली कमिटमेन्ट से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने विकासशील देशों में महिलाओं के देह व्यापार, बलात्कार एवं खरीद-फरोख्त को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन पर सख्ती से अंकुश लगाने की आवश्यकता हैं। खास तौर से उन्होंने बालिका शिक्षा में विकासशील देशों जिनमें भारत, पाकिस्तान तथा बांग्लादेश का उन्होंने जिक्र किया में काफी जागरूकता एवं कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

दैनिक नवज्योति • जयपुर, सोमवार 24 जुलाई, 2006

तस्लीमा पहुंचीं राजभवन

राज्यपाल की पहल पर कार्यक्रम में बुलाया, राजभवन के अफसर और आयोजक कुछ भी कहने से बचते रहे

राजभवन में राज्यपाल प्रतिभा पाटील के साथ तस्लीमा।

विशेष संवाददाता ◆ जयपुर, 23 जुलाई। आखिर राजभवन विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन की मेजबानी के लिए तैयार हो ही गया। रविवार शाम को राज्यपाल प्रतिभा पाटील और तस्लीमा एक साथ मंच पर थीं लेकिन दोनों के चेहरों और समारोह स्थल पर खामोशी छाई हुई थी।

BHASKAR भास्कर इंपैक्ट IMPACT

राजस्थान नेशनल फोरम की ओर से राजस्थान में 'सब के लिए शिक्षा' कार्यक्रम के राजभवन में आयोजित समारोह में तस्लीमा के शामिल होने पर परहेज संबंधी खबर भास्कर में छपने के बाद राज्यपाल ने पहल की और तस्लीमा को राजभवन बुलाया। तस्लीमा रविवार शाम को राजभवन में आयोजित समारोह में शामिल हुईं। समारोह में शामिल होने के बाद राज्यपाल और तस्लीमा में संक्षिप्त बातचीत भी हुई।

चर्चित उपन्यास 'लज्जा' और आत्मकथा 'द्विखंडितो' को लेकर विवादों में रही बांगलादेश की लेखिका तस्लीमा नसरीन की राजस्थान की पहली यात्रा भी विवादित रही। फोरम ने कार्यक्रम की शुरुआत के लिए राजभवन में समारोह का आयोजन रखा था और इसमें तस्लीमा को भी बतौर अतिथि बुलाया गया था। इसके लिए छपवाए आमंत्रण पत्रों में भी तस्लीमा का नाम था। ▸▸ शेष पेज 6 पर

मुझे आयोजकों ने राजस्थान में 'सबके लिए शिक्षा' कार्यक्रम की शुरुआत के लिए बुलाया था। मुझे पहले कहा गया कि राजभवन में कार्यक्रम होगा जिसमें शामिल होना है। बाद में मना किया। फिर शामिल होने के लिए कहा गया। राजभवन में मेरे जाने या नहीं जाने का विवाद कैसे उपजा, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।
तस्लीमा नसरीन, प्रसिद्ध लेखिका

उनका पहले राजभवन में जाने का कार्यक्रम था। राजभवन में आयोजित समारोह में स्थान की कमी के कारण हमने मीडिया को नहीं बुलाया इसीलिए राजपूताना शेरेटन होटल में हमने अलग से कार्यक्रम करने का निर्णय किया। अब वे राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। राजभवन ने मना नहीं किया।
संदीप भूतोड़िया, अध्यक्ष, राजस्थान नेशनल फोरम आयोजक एजूकेशन फॉर ऑल

दैनिक भास्कर
जयपुर, सोमवार 24 जुलाई, 2006

वुमन ऑफ सब्स्टेंस

राजेश कुमावत

विवादों की परवाह नहीं करती : तस्लीमा

सिटी रिपोर्टर

मैं विवादों की परवाह नहीं करती, डरती भी नहीं। धार्मिक कट्टरपंथ और धार्मिक आतंकवाद के साथ महिला अत्याचारों के खिलाफ मेरी कलम चलती रहेगी।' शहर में आई बांग्लादेश मूल की चर्चित उपन्यासकार तसलीमा नसरीन ने रविवार को पत्रकारों से यह बात कही। तसलीमा ने एक सवाल के जवाब में कहा, उनके उपन्यास 'लज्जा' के बाद भी बांग्लादेश में महिलाओं की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। वहां दोनों महत्त्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की मौजूदगी के बावजूद यह दुर्भाग्य की बात है कि महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, समानता और उनके वाजिब हक नहीं मिल रहे। उनके उपन्यास के बाद एक आंदोलन की शुरुआत होती लेकिन इससे पहले ही कट्टरपंथी ताकतों ने उनको देश से निकाल फेंका। उन्होंने कहा कि एक महिला होने का मतलब यह नहीं होता कि वह महिला हितों के लिए बदलाव की बात करेगी ही। ऐसा ही कुछ बांग्लादेश में हो रहा है।

भारत में महिलाओं की स्थिति ज्यादा बेहतर

भारत में महिलाओं की स्थिति पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुकाबले कहीं ज्यादा बेहतर है। यहां महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकार और समानता का हक दिलाने, उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण आंदोलन हुए हैं। दूसरे मामलों में एशियाई देशों में महिलाओं की दशा कमोबेश एक जैसी ही है।

आटोबायोग्राफी का पांचवां भाग जल्दी

तसलीमा नसरीन की आटोबायोग्राफी का पांचवां भाग जल्द प्रकाशित होगा। तसलीमा बताती हैं, मैं इन दिनों उसी को पूरा करने में जुटी हूं। मेरी आटोबायोग्राफी के चार भाग प्रकाशित हो चुके हैं। इन चारों ही खंडों को बांग्लादेश में प्रतिबंधित किया गया है। तसलीमा इसकी परवाह नहीं करतीं।

जुल्म और अन्याय से परे एक खूबसूरत दुनिया का सपना

राजपूताना शैरेटन होटल और राजभवन में आयोजित 'एजुकेशन फॉर ऑल' कार्यक्रम के समारोह में आयोजकों की ओर से लिखित भाषण पढ़ते हुए तसलीमा ने जुल्म और अन्याय से परे एक खूबसूरत दुनिया का सपना संजोया। तसलीमा ने कहा कि उनका सपना एक ऐसी खूबसूरत दुनिया देखने का है जहां समाज धर्मनिरपेक्ष हो, महिलाएं अत्याचार और उत्पीड़न मुक्त हों। सब में मानवता और प्यार हो। उन्होंने कहा, शिक्षा सब बच्चों का मौलिक अधिकार है। विशेष रूप से बालिकाओं को समान रूप से लिंगभेद किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उनको समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिले।

लेखक को सियासी पचड़ों से दूर रखें

तस्लीमा को लेकर साहित्य जगत में छिड़ी व्यापक चर्चा

राजस्थान में रविवार से शुरु हुए 'सबके लिए शिक्षा' अभियान के राजभवन में होने वाले उद्घाटन समारोह में तस्लीमा नसरीन के पहले जाने और फिर नहीं जाने के निर्णय से उपजे सवाल पर शहर का साहित्य जगत काफी उद्वेलित रहा। कई साहित्यकारों ने कहा लेखक को तो इन सियासी पचड़ों से दूर रखा जाना चाहिए तो किसी ने इसे दो देशों के आपसी संबंधों के परिप्रेक्ष्य में जायज भी ठहराया। कई साहित्यकारों ने तस्लीमा के नजरिए को उचित ठहराते हुए यहां तक कहा कि भारत में तो उनका स्वागत होना चाहिए। विभिन्न देशों में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले का हिन्दुस्तान समर्थन नहीं करेगा तो और कौन करेगा। बाद में राजभवन में समारोह में शिरकत करने की खबर पर इन लोगों ने राहत की सांस भी ली पर साथ ही सारे प्रकरण पर ढुलमुल नीति को खेदजनक भी बताया।

प्रकरण खेदजनक

तस्लीमा के कृतित्व और व्यक्तित्व पर पुस्तक लिखने वाले जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. मोहन कृष्ण वोहरा ने दिल्ली से फोन पर भास्कर से इस सारे प्रकरण की जानकारी प्राप्त कर इस पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तस्लीमा लेखिका के रूप में सम्मान की पात्र है, हम यदि किसी को सम्मान नहीं दे सकते तो इस तरह अपमानित करने का भी हमें हक नहीं है।

कांग्रेस चिंतन का प्रभाव

भाषाविद् डॉ. कलानाथ शास्त्री ने कहा कि यदि यह निर्णय राजभवन का था तो निश्चित ही कांग्रेस चिंतन का प्रभाव नजर आता है। उन्होंने कहा कि तस्लीमा ने पर्दे के पीछे के तथ्य उजागर किए हैं चूंकि इस चिन्तन में विभिन्न देशों में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की स्थिति को उजागर किया है इसलिए भारत को तो उनका समर्थन करना ही चाहिए।

दो देशों के संबंध का मामला

पूर्व कुलपति व विचारक डॉ. के.एल. कमल का कहना है कि चूंकि तस्लीमा बांगलादेश से निष्कासित हैं एवं वहां उनके खिलाफ फतवा भी जारी किया हुआ है इसलिए हो सकता है दो देशों के संबंधों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्तर पर ऐसा निर्णय लिया गया हो। लेकिन फिर भी यदि पहले बुलाने का निर्णय कर लिया गया था तो राजभवन को उस पर कायम रहना चाहिए था।

घर आए की बेइज्जती

प्रसिद्ध विचारक प्रो. जसबीर जैन इस वाकए को घर आए की बेइज्जती मानती हैं। जसबीर दुखी हैं कि तस्लीमा के साथ उनसे अधिक गुणी और वरिष्ठ लेखिका कपिला वात्सायायन भी हैं लेकिन तस्लीमा को बेवजह ही अधिक तरजीह दी जा रही है। प्रश्न यह है कि राजभवन ने इस आयोजन की जिम्मेदारी क्यों ली और फिर यदि जिम्मेदारी ले ही ली तो फिर उसे हर हालत में अपने निर्णय पर कायम रहना चाहिए था।

सिटी भास्कर जयपुर, सोमवार 24 जुलाई, 2006

'सभी को शिक्षा' कार्यक्रम प्रारम्भ

जयपुर, (ब्यूरो): राजस्थान नेशनल फोरम के तत्वावधान में कोलकाता के प्रभा खेतान फाउन्डेशन ने आज राजस्थान में 'सभी को शिक्षा' कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के जरूरतमन्द छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना में छात्रवृत्ति अंकों के आधार पर नहीं बल्कि छात्रों के आर्थिक स्तर को ध्यान में रखकर दी जाएगी। इस कार्यक्रम को राजस्थान के सभी 32 जिला केन्द्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी चलाया जाएगा। राजस्थान में इस कार्यक्रम के लिए श्री सीमेंन्ट ने 15 लाख रुपए प्रदान किए।

स्थानीय 24 जुलाई, 2006 सोमवार

Press Clipping

Metro 141 (Rajasthan Patrika)

Thursday, July 20, 2006

Jaipur

Global Public Relations

तस्लीमा नसरीन

कपिला वात्स्यायन

एजुकेशन फॉर ऑल

तस्लीमा और कपिला जयपुर में

जयपुर, 19 जुलाई। राजस्थान नेशनल फोरम प्रतिभा खेतान फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में बेसिक एजुकेशन के लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम में शिरकत करने के लिए बांग्लादेश की लेखिका तस्लीमा नसरीन और मशहूर शिक्षाविद् कपिला वात्स्यायन जयपुर आ रही हैं। वे 23 जुलाई को राजभवन में होने वाले एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल प्रतिभा पाटील भी मौजूद रहेंगी।

तस्लीमा नसरीन उपन्यास 'लज्जा' के बाद पूरी दुनिया की सुर्खियों में आ गई थीं। कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा भी जारी किया। इन दिनों उन्होंने कोलकाता में शरण ली हुई है।

[illegible] को आयोजित ध्रुवपद नाद निनाद कार्यशाला के समापन पर प्रस्तुति देते कलाकार।

पत्रिका

फैली ध्रुवपद नाद निनाद की सुरभि

[illegible] की तान पर जब समवेत [illegible] सभागार में [illegible] फैल गई। मौका था [illegible] कला के संयुक्त [illegible] ध्रुवपद कार्यशाला [illegible] कार्यक्रम का आगाज [illegible] पर आधारित [illegible] से अठगुन तक की लयकारी और विभिन्न बोल बांट, लयबांट, चक्करदार तिहाई का उम्दा प्रदर्शन किया। इसके बाद वैदिक [सामवेद] त्रिस्वरों में निबद्ध मंत्र अग्नि स्तुति में राग के लालित्य को दर्शाने की पुरजोर कोशिश की। पं. लक्ष्मण भट्ट द्वारा रचित गीतों कहरवा ताल में निबद्ध मां...मां.. मां...पानी परे और झप ताल में निबद्ध मां शारदे साधूं...में कलाकारों ने स्वर और शब्दों का समान रूप से प्रयोग किया। कलाकारों ने ताल, आदि ताल, चौताल, सूलताल, साहरा, धमार का हाथों पर भी प्रदर्शन किया, जिसमें निष्णात कौशल की [illegible]मी नजर आई। इसके बाद कलाकारों ने सूलताल में निबद्ध राग मेघ में रचना 'राधे आए मेघ...' में वर्षा ऋतु [illegible] वर्णन किया। पखावज पर राकेश रेही और तानपुरे पर ओमप्रकाश नायर व गार्गी बनर्जी ने सशक्त संगत की। मुख्य अतिथि ट्रैफिक एसपी सत्यप्रिया सिंह थीं। करीब 50 विद्यार्थियों ने ध्रुवपद की आलापचारी व बारीकियां सीखीं।

[illegible]भर के टूर ऑपरेटर [illegible]जुटेंगे जयपुर में

[illegible] सम्मेलन जयपुर [illegible] तक [illegible] सम्मेलन के [illegible] के बीच काफी [illegible] ऑपरेटर्स की [illegible] सम्मेलन [illegible] हुआ। [illegible] से आयोजित इस सम्मेलन मे इण्डियन एसोसिएशन टूर ऑपरेटर्स से जुडे करीब दो हजार से अधिक सदस्य जुटेंगे। सम्मेलन में सदस्य पर्यटन व उससे जुड़े बिजनेस के विकास, सुविधाएं बढ़ाने एवं पर्यटन में मौजूद समस्याओं के निराकरण पर चर्चा करेंगे। इण्डियन एसोसिएशन टूर ऑपरेटर का एक प्रतिनिधिमण्डल हाल ही सम्मेलन स्थल व सुविधाओं को देखने के लिए पर्यटन विभाग के आयुक्त ए.के.सिंह, सचिव विनोद जुत्शी आदि अधिकारियों से मिला था।

तस्लीमा नसरीन

कपिला वात्स्यायन

एजुकेशन फॉर ऑल

तस्लीमा और कपिला ज़यपुर में

जयपुर, 19 जुलाई। राजस्थान नेशनल फोरम प्रतिभा खेतान फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में बेसिक एजुकेशन के लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम में शिरकत करने के लिए बांग्लादेश की लेखिका तस्लीमा नसरीन और मशहूर शिक्षाविद् कपिला वात्स्यायन जयपुर आ रही है। वे 23 जुलाई को राजभवन में होने वाले एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल प्रतिभा पाटील भी मौजूद रहेंगी।

तस्लीमा नसरीन उपन्यास 'लज्जा' के बाद पूरी दुनिया की सुर्खियों में आ गई थीं। कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा भी जारी किया। इन दिनों उन्होंने कोलकाता में शरण ली हुई है।

OUR SUPPORT TO YOU ANYTIME ANYWHERE
TATA MOTORS

विमन ऑफ सब्स्टंस

राजेश कुमावत

मैं विवादों की परवाह नहीं करती : तसलीमा

सिटी रिपोर्टर

'मैं विवादों की परवाह नहीं करती, डरती भी नहीं। धार्मिक कट्टरपंथ और धार्मिक आतंकवाद के साथ महिला अत्याचारों के खिलाफ मेरी कलम चलती रहेगी।' शहर में आई बांग्लादेश मूल की चर्चित उपन्यासकार तसलीमा नसरीन ने रविवार को पत्रकारों से यह बात कही। तसलीमा ने एक सवाल के जवाब में कहा, उनके उपन्यास 'लज्जा' के बाद भी बांग्लादेश में महिलाओं की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। वहां दोनों महत्त्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की मौजूदगी के बावजूद यह दुर्भाग्य की बात है कि महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, समानता और उनके वाजिब हक नहीं मिल रहे। उनके उपन्यास के बाद एक आंदोलन की शुरुआत होती लेकिन इससे पहले ही कट्टरपंथी ताकतों ने उनको देश से निकाल फेंका। उन्होंने कहा कि एक महिला होने का मतलब यह नहीं होता कि वह महिला हितों के लिए बदलाव की बात करेगी ही। ऐसा ही कुछ बांग्लादेश में हो रहा है।

भारत में महिलाओं की स्थिति ज्यादा बेहतर

भारत में महिलाओं की स्थिति पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुकाबले कहीं ज्यादा बेहतर है। यहां महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकार और समानता का हक दिलाने, उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण आंदोलन हुए हैं। दूसरे मामलों में एशियाई देशों में महिलाओं की दशा कमोबेश एक जैसी ही है।

आटोबायोग्राफी का पांचवां भाग जल्दी

तसलीमा नसरीन की आटोबायोग्राफी का पांचवां भाग जल्द प्रकाशित होगा। तसलीमा बताती हैं, मैं इन दिनों उसी को पूरा करने में जुटी हूं। मेरी आटोबायोग्राफी के चार भाग प्रकाशित हो चुके हैं। इन चारों ही खंडों को बांग्लादेश में प्रतिबंधित किया गया है। तसलीमा इसकी परवाह नहीं करतीं।

जुल्म और अन्याय से परे एक खूबसूरत दुनिया का सपना

राजपूताना शैरेटन होटल और राजभवन में आयोजित 'एजुकेशन फॉर ऑल' कार्यक्रम के समारोह में आयोजकों की ओर से लिखित भाषण पढ़ते हुए तसलीमा ने जुल्म और अन्याय से परे एक खूबसूरत दुनिया का सपना संजोया। तसलीमा ने कहा कि उनका सपना एक ऐसी खूबसूरत दुनिया देखने का है जहां समाज धर्मनिरपेक्ष हो, महिलाएं अत्याचार और उत्पीड़न मुक्त हों। सब में मानवता और प्यार हो। उन्होंने कहा, शिक्षा सब बच्चों का मौलिक अधिकार है। विशेष रूप से बालिकाओं को समान रूप से लिंगभेद किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उनको समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिले।

राजभवन से परहेज क्यों ?

तस्लीमा को लेकर साहित्य जगत में छिड़ी व्यापक चर्चा

राजस्थान में रविवार से शुरु हुए 'सबके लिए शिक्षा' अभियान के राजभवन में होने वाले उद्घाटन समारोह में तस्लीमा नसरीन के पहले जाने और फिर नहीं जाने के निर्णय से उपजे सवाल पर शहर का साहित्य जगत काफी उद्वेलित रहा। कई साहित्यकारों ने कहा लेखक को तो इन सियासी पचड़ों से दूर रखा जाना चाहिए तो किसी ने इसे दो देशों के आपसी संबंधों के परिप्रेक्ष्य में जायज भी ठहराया। कई साहित्यकारों ने तस्लीमा के नजरिए को उचित ठहराते हुए यहां तक कहा कि भारत में तो उनका स्वागत होना चाहिए। विभिन्न देशों में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले का हिन्दुस्तान समर्थन नहीं करेगा तो और कौन करेगा। बाद में राजभवन में समारोह में शिरकत करने की खबर पर इन लोगों ने राहत की सांस भी ली पर साथ ही सारे प्रकरण पर ढुलमुल नीति को खेदजनक भी बताया।

प्रकरण खेदजनक

तस्लीमा के कृतित्व और व्यक्तित्व पर पुस्तक लिखने वाले जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. मोहन कृष्ण बोहरा ने दिल्ली से फोन पर भास्कर से इस सारे प्रकरण की जानकारी प्राप्त कर इस पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तस्लीमा लेखिका के रूप में सम्मान की पात्र हैं, हम यदि किसी को सम्मान नहीं दे सकते तो इस तरह अपमानित करने का भी हमें हक नहीं है।

कांग्रेस चिंतन का प्रभाव

भाषाविद् डॉ. कलानाथ शास्त्री ने कहा कि यदि यह निर्णय राजभवन का था तो निश्चित ही कांग्रेस चिंतन का प्रभाव नजर आता है। उन्होंने कहा कि तस्लीमा ने पर्दे के पीछे के तथ्य उजागर किए हैं चूंकि इस चिन्तन में विभिन्न देशों में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की स्थिति को उजागर किया है इसलिए भारत को तो उनका समर्थन करना ही चाहिए।

दो देशों के संबंध का मामला

पूर्व कुलपति व विचारक डॉ. के.एल. कमल का कहना है कि चूंकि तस्लीमा बांगलादेश से निष्कासित हैं एवं वहां उनके खिलाफ फतवा भी जारी किया हुआ है इसलिए हो सकता है दो देशों के संबंधों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्तर पर ऐसा निर्णय लिया गया हो। लेकिन फिर भी यदि पहले बुलाने का निर्णय कर लिया गया था तो राजभवन को उस पर कायम रहना चाहिए था।

घर आए की बेइज्जती

प्रसिद्ध विचारक प्रो. जसबीर जैन इस वाकए को घर आए की बेइज्जती मानती हैं। जसबीर दुखी हैं कि तस्लीमा के साथ उनसे अधिक गुणी और वरिष्ठ लेखिका कपिला वात्सायायन भी हैं लेकिन तस्लीमा को बेवजह ही अधिक तरजीह दी जा रही है। प्रश्न यह है कि राजभवन ने इस आयोजन की जिम्मेदारी क्यों ली और फिर यदि जिम्मेदारी ले ही ली तो फिर उसे हर हालत में अपने निर्णय पर कायम रहना चाहिए था।

तस्लीमा पहुंचीं राजभवन

राज्यपाल की पहल पर कार्यक्रम में बुलाया, राजभवन के अफसर और आयोजक कुछ भी कहने से बचते रहे

विशेष संवाददाता ◆ जयपुर, 23 जुलाई।

आखिर राजभवन विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन की मेजबानी के लिए तैयार हो ही गया। रविवार शाम को राज्यपाल प्रतिभा पाटील और तस्लीमा एक साथ मंच पर थीं लेकिन दोनों के चेहरों और समारोह स्थल पर खामोशी छाई हुई थी।

BHASKAR भास्कर इंपैक्ट IMPACT

राजस्थान नेशनल फोरम की ओर से राजस्थान में 'सब के लिए शिक्षा' कार्यक्रम के राजभवन में आयोजित समारोह में तस्लीमा के शामिल होने पर परहेज संबंधी खबर भास्कर में छपने के बाद राज्यपाल ने पहल की और तस्लीमा को राजभवन बुलाया। तस्लीमा रविवार शाम को राजभवन में आयोजित समारोह में शामिल हुईं। समारोह में शामिल होने के बाद राज्यपाल और तस्लीमा में संक्षिप्त बातचीत भी हुई।

चर्चित उपन्यास 'लज्जा' और आत्मकथा 'द्विखंडितो' को लेकर विवादों में रही बांगलादेश की लेखिका तस्लीमा नसरीन की राजस्थान की पहली यात्रा भी विवादित रही। फोरम ने कार्यक्रम की शुरुआत के लिए राजभवन में समारोह का आयोजन रखा था और इसमें तस्लीमा को भी बतौर अतिथि बुलाया गया था। इसके लिए छपवाए आमंत्रण पत्रों में भी तस्लीमा का नाम था। ▸▸ शेष पेज 6 पर

राजभवन में राज्यपाल प्रतिभा पाटील के साथ तस्लीमा।

मुझे आयोजकों ने राजस्थान में 'सबके लिए शिक्षा' कार्यक्रम की शुरुआत के लिए बुलाया था। मुझे पहले कहा गया कि राजभवन में कार्यक्रम होगा जिसमें शामिल होना है। बाद में मना किया। फिर शामिल होने के लिए कहा गया। राजभवन में मेरे जाने या नहीं जाने का विवाद कैसे उपजा, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।
तस्लीमा नसरीन, प्रसिद्ध लेखिका

उनका पहले राजभवन में जाने का कार्यक्रम था। राजभवन में आयोजित समारोह में स्थान की कमी के कारण हमने मीडिया को नहीं बुलाया इसीलिए राजपूताना शेरेटन होटल में हमने अलग से कार्यक्रम करने का निर्णय किया। अब वे राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। राजभवन ने मना नहीं किया।
***संदीप भूतोड़िया**, अध्यक्ष, राजस्थान नेशनल फोरम आयोजक एजूकेशन फॉर ऑल*

दैनिक भास्कर
जयपुर, सोमवार 24 जुलाई, 2006



भारतीय भाषा परिषद में 'हिन्दी पत्रकारिता कल और आज' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते श्री रवीन्द्र कालिया। साथ में हैं सर्वश्री हरिवंश, राम अवतार गुप्त, गोविन्द लाल वोरा, विश्वम्भर नेवर और संदीप भूतोड़िया

आजादी के आन्दोलन को समाचार पत्रों से प्रेरणा मिलती थी

कोलकाता, 31 जुलाई (न. प्र.)। समाचार पत्र प्रजातन्त्र का चौथा स्तम्भ है। इस दृष्टि से जनता की भावनाओं व जनहित मुद्दों को प्राथमिकता देना पत्रों का दायित्व है। यह बात हिन्दी दैनिक छपते छपते पत्र द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय गोष्ठी 'हिन्दी पत्रकारिता कल और आज' में अमृत संदेश (रायपुर) के संपादक गोविन्द लाल वोरा ने कही। उन्होंने कहा कि कोलकाता में आजादी के आन्दोलन को प्रेरित करने वाले समाचार पत्र ही थे, जिन्होंने जनमानस में देश के प्रति एक अलख जगायी। आजादी के समय राजनैतिक लड़ाई के साथ साथ आर्थिक व सामाजिक मुद्दों को भी उठाया जाता था। जनमानस के मुद्दों की उपेक्षा कर समाचार पत्र नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र आलोचना भी करें तो सकारात्मक रूप से करें। प्रभात खबर के संपादक हरिवंश ने कहा कि समाज में बदलाव समाचार पत्रों से नहीं बल्कि विचारधारा से आया है। महात्मा गांधी व बाल गंगाधर तिलक जैसे व्यक्तियों ने अपनी विचारधारा व दर्शन से समाज में बदलाव किया। आज अखबारों में सेन्सेशन, क्राइम व राजनीति को ही ज्यादा उछाला जाता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सन्मार्ग के संपादक रामअवतार गुप्ता ने कहा कि पिछले 200 वर्षों में कई समाचार पत्र निकले और बंद हो गये, लेकिन जितनी प्रगति भाषाई अखबारों ने की, उतनी हिन्दी अखबारों ने नहीं की। हिन्दी समाचार पत्र धन की कमी के कारण पीछे रह गये। उन्होंने कहा कि हिन्दी अखबारों के प्रति लोगों की मानसिकता को बदलना होगा। लोग अंग्रेजी अखबार तो खरीद कर पढ़ते हैं, लेकिन हिन्दी अखबार पड़ोसी से मांग कर पढ़ते हैं। जब तक हिन्दी समाचार पत्रों में एकजुटता नहीं होगी, उनकी प्रगति नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में कुछ छपने पर संसद में भी गूंज होती है, लेकिन हिन्दी पत्रों में कोई खबर छपने पर उतना प्रभाव नहीं पड़ता है। वागर्थ के संपादक रवीन्द्र कालिया ने कहा कि पत्रकारिता में अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। कुछ पत्र अंग्रेजी समाचार पत्रों का अनुसरण भी करते हैं, लेकिन यह ठीक नहीं है। हिन्दी के जो समाचार पत्र अंग्रेजी की जकड़ से मुक्त हैं, उन्हीं का भविष्य उज्ज्वल है। छपते छपते के संपादक विश्वम्भर नेवर ने कहा कि आज से 180 वर्ष पहले रवीन्द्र नाथ टैगोर व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की धरती पर पत्रकारिता का बीज बोया गया। कोलकाता हिन्दी पत्रकारिता की जन्म भूमि रही है। अंग्रेजी अखबारों के सप्लीमेन्ट में अश्लीलता बढ़ती जा रही है। हमारी संस्कृति पर आक्रमण हो रहा है, उसे बचाने के लिये हिन्दी समाचार पत्रों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि अगर भारत में विदेशी समाचार पत्र आयेंगे तो स्थिति और भयावह हो जायेगी। ऐसे में व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के बजाय समाचार पत्रों को समाज के हित में रचनात्मक व सकारात्मक भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पत्रकार शैलेन्द्र, कृपा शंकर चौबे, ओम प्रकाश अश्क और दिनेश चन्द्र वाडेरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत भाषण संदीप भूतेड़िया ने दिया।

'सन्मार्ग' कोलकाता, मंगलवार, 1 अगस्त 2006

हिन्दी पत्रकारिता कल और आज पर सार्थक गोष्ठी

समाचार पत्रों को ही जलानी होगी मशाल

कोलकाता, 31 जुलाई (संवाददाता)। छपते छपते की 34वीं वर्षगांठ एवं हिन्दी पत्रकारिता के 180 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी आज भारतीय भाषा परिषद के सभागार में सम्पन्न हुई। गोष्ठी का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार रविन्द्र कालिया ने किया। उन्होंने कहा कि हमें इस सच्चाई को कबूल करना होगा कि हिन्दी पत्र-अंग्रेजी समाचार पत्रों के विकारों को अंगीकार करने की चेष्टा कर रहे हैं। अंग्रेजी समाचार पत्रों की पत्रकारिता की होड़ करने में हिन्दी पत्रों का स्तर भी गिरा है। श्री कालिया ने भाषायी पत्रों के उत्तरदायित्व का उल्लेख किया एवं कहा कि जनचेतना को उद्वेलित करना एवं परिवर्तन का पथ प्रदर्शन पत्रकारिता का धर्म है। वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रभात खबर के मुख्य संपादक श्री हरिवंश ने कहा कि समाचार पत्र परिवर्तन नहीं लाते। स्वतंत्रता संग्राम में जो चिनगारी फूटी थी उसमें समाचार पत्र, पत्रकार, साहित्यकार ही नहीं सभी विधाओं और वर्त्तियों के लोग प्रभावित हुए थे। अतः काल खंड में वैचारिक क्रांति के अनुरूप समाचार पत्र ढलते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि प्रभात खबर द्वारा समाजवादी विचारधारा की अगुवाई करने के बावजूद झारखंड बनने के पश्चात् पहली सरकार उनकी बनी जो समाजवादी व्यवस्था के घोर विरोधी हैं। तात्पर्य है कि समाचार पत्र संवाद प्रेषण का ही काम कर पाते हैं, आंदोलन नहीं कर सकते हालांकि उनके अपने पत्र पर 'समाचार पत्र

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छपते छपते द्वारा आयोजित 'हिन्दी पत्रकारिता पर राष्ट्रीय परिसंवाद' का उद्घाटन करते हुए श्री रविन्द्र कालिया। साथ में सम्पादक विश्वम्भर नेवर, गोविन्द लाल बोरा, रामअवतार गुप्ता एवं संदीप भुतोड़िया। -फोटो : छपते छपते

छपते छपते, कोलकाता, मंगलवार, 1 अगस्त - 2006

कोलकाता में हिंदी पत्रकारिता की स्थिति पर एक संगोष्ठी में (ऊपर बायें से) रविंद्र कालिया, गोविंद वोरा, रामअवतार गुप्त, संदीप भूतोड़िया और (नीचे बायें से) दिनेश वढेरा, शैलेंद्र, कृपाशंकर चौबे व श्रीनिवास शर्मा.

पत्रकारिता का आधार लोकहित : गोविंद बोरा

पुरुषोत्तम तिवारी

कोलकाता : समाचार पत्र जिंदा रहेंगे, तभी प्रजातंत्र सफल होगा. कुछ लोगों के शिथिल होने से देश को बहुत कुछ भोगना पड़ता है. समाचार पत्र देश की नब्ज पहचानते हैं. समाचार पत्र हमें जागृत करते हैं, ताकि समाज से हम उऋण हो सकें. लोग जागृत होंगे, तो सब कुछ ठीक हो जायेगा. देश के आर्थिक व सामाजिक बदलाव में पत्रकारिता की बड़ी भूमिका है. ऐसा लगता है कि आज हम भटक गये हैं. देश में अमीर-गरीब के बीच की खाई कम होनी चाहिए, तभी जीवन सुरक्षित रह सकता है. अखबार का दायित्व है, लोगों की भावनाओं को सामने रखे और उन्हें सृजनात्मक कार्यों से जोड़े. यह कहना है *अमृत संदेश* (रायपुर) के संपादक गोविंद लाल बोरा का. उन्होंने ये बातें आज *छपते-छपते* के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता के 180 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'हिंदी पत्रकारिता कल और आज' के उद्घाटन सत्र में कहीं. श्री बोरा ने कहा कि देश की आजादी और विकास में पत्रकारिता की बड़ी भूमिका है. देश की सौ करोड़ जनता की सेवा करने से बड़ा धर्म कोई नहीं है. समाचार पत्र उन्हीं मुद्दों को उठाते हैं, जिनमें लोकहित होता है. यही पत्रकारिता का आधार है. आंदोलन तो लोग करते हैं, पर प्रेरणा अखबार ही देते हैं. जितने भी परिवर्तन हुए, उसकी आधारशिला साहित्यकारों-पत्रकारों ने ही रखी. गांधी और तिलक की पत्रकारिता लोकहित में थी. स्वतंत्रता संघर्ष के समय समाचार पत्रों के कार्यालय आजादी की लड़ाई के केंद्र बिंदु थे. पहले भी हिंदी पत्रकारिता अच्छी थी, आज भी है और भविष्य में अच्छी रहेगी. समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राम अवतार गुप्त ने की. उन्होंने कहा कि अर्थाभाव के चलते भाषाई समाचार पत्रों की जितनी तरक्की होनी चाहिए, उतनी नहीं हो पायी. हिंदी को ज्यादा नुकसान हिंदीभाषियों से होता है. मुख्य अतिथि व *प्रभात खबर* के प्रधान संपादक हरिवंश ने कहा कि अखबार समाज में कोई आंदोलन नहीं करते. सांस्कृतिक हमलों को अखबार नहीं विचार रोक सकते हैं. विचार और तकनीक से समाज में व्यापक परिवर्तन होते हैं. इतिहास इस बात का गवाह है. कार्यक्रम का उद्घाटन *वागर्थ* के संपादक रवींद्र कालिया ने किया. उन्होंने कहा कि हिंदी का पत्रकार जल्दी ही रेंगने लगता है. क्या कारण है कि आपातकाल में लोगों का भाषाई पत्रकारिता से विश्वास उठ गया था. अंग्रेजी भाषा की जकड़न से जो हिंदी समाचार पत्र मुक्त होगा, उसी का भविष्य है. कार्यक्रम के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार विश्वंभर नेवर ने कहा कि पत्रकारिता की जननी कोलकाता है. यह प्रतिकार व आंदोलन की भूमि है. महज सूचना देना, पीत पत्रकारिता करना, सनसनी फैलाना पत्रकारिता का मिशन नहीं होना चाहिए. पत्रकारिता का मिशन देश का विकास होना चाहिए. टीवी व अंग्रेजी अखबारों की देन है- घरों में अश्लीलता व बेहूदेपन का आना. हमारी संस्कृति व संस्कारों पर आक्रमण हो रहा है, ऐसे में हिंदी समाचारपत्रों का दायित्व बनता है कि इसके खिलाफ आवाज उठायें. युवा समाजसेवी संदीप भूतोड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया. दूसरे सत्र में, पत्रकार शैलेंद्र, पत्रकार कृपाशंकर चौबे, पत्रकार दिनेशचंद्र वंडेरा (ठक्कर) व *प्रभात खबर* के स्थानीय संपादक ओमप्रकाश अश्क ने अपनी बातें रखीं. इस सत्र की अध्यक्षता साहित्यकार श्रीनिवास शर्मा ने की. उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि जहां वे रोटी कमाते हैं, वहां की समस्याओं से जुड़ें. समाज से कट कर सिर्फ मनीऑर्डर भेजने तक अपने को सीमित न रखें. यह मानसिकता बदलने की जरूरत है.

कोलकाता, मंगलवार, 1 अगस्त 2006

प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन

लोकतंत्र को बचाए रखने में पत्रकारिता की भूमिका महत्त्वपूर्ण : वोरा

रामाशीष

